# धनबाद कोर्ट परिसर में अधिवक्ता पर जानलेवा हमले पर हंगामा

**जमीन कारोबारी ने दिया घटना को अंजाम, वकीलों ने उग्र रूप धारण किया**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**धनबाद।** कोयलांचल मुख्याली धनबाद में सोमवार को उस वक्त सनसनी फैल गयी जब वहाक चौबंद सुरकढा वाले कोर्ट परिसर में जमीन के कारोबारी ने अधिवक्ता पर कातिलाना हमला कर जख्मी कर दिया। खबर पाते ही बीफ संख्या में अधिवक्ता जुट गये और सुरक्षा व्यवस्था को नाकाफी बताते हुई उग्र हो गये।

बता जस्ता है कि कोर्ट परिसर में नसम दिनों की तरह अधिवक्तागण अपने.आने कार्यो में व्यस्त थे और मुवक्किलों का आना.जाना जारी था इसी बीच बलियापुर निवासी जमीन कारोबारी रवि रंजन वर्मा ने कोर्ट परिसर ही में अधिवक्ता परिमल आचार्या पर हमला कर दिया जिसमें वे घायल हो गए। खबर मिलते ही अधिवक्तागण काफी उग्र हो गए मोके पर मौजूद पुलिस पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवानों ने रवि रंजन को हिरासत में लेकर हाजत में बंद किया। अधिवक्तागण इतने उग्र हो गए की रवि रंजन को हाजत से निकलने की मांग करने लगे आनन.फानन में पुलिस ने घटना की सूचना सीटी एसपी को दी । थोड़े ही देर में डीएसपी लॉ इन ऑर्डर एधनबाद थाना प्रभारीए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय एमहासचिव जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर मामले को शांत किया।

**वकील ने किया था जमीन विक्रय का एकरारनामा**

जख्मी परिमल आचार्य ने बताया कि उन्होंने बलियापुर स्थित तीन एकड़ चार डिसमिल जमीन किसी व्यक्ति को विक्रय करने का एकरारनामा किया था। परंतु रवि रंजन उक्त जमीन को उसे विक्रय करने नहीं तो बुरे परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। अधिवक्ता ने बताया कि रवि रंजन ने वर्ष 18 में अधिवक्ता के विरुद्ध एक झूठा मुकदमा दायर किया था। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि सात जनवरी 24 को सरायढेला मानस मंदिर के समीप भी रवि रंजन ने उनके साथ मारपीट की थी।

## स्पीड न्यूज

### बरनवाल युवा मंच ने किया होली मिलन



**धनबाद।** बरनवाल युवा मंच ने सोमवार को जोड़ाफाटक स्थित एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अहिबरनजी महाराज को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। सभी अतिथियों का स्वागत बुके एवं मोमेंटो देकर किया गया। मंच की सचिव सुनीता बरनवाल,सिमरन बरनवाल,मिनी बरनवाल ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। बच्चों ने होली गीत प्रस्तुत किये। सभी ने अबीर और गुलाल के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में लखन लाल बरनवाल, परमेश्वर मोदी, गोविंद लाल बरनवाल,भुनेश्वर प्रसाद बरनवाल,डॉ बीरेंद्र कुमार बरनवाल,मनोज कुमार बरनवाल, पुष्पा बरनवाल आदि मौजूद थे।

## गोविंदपुर में होली शांतिपूर्वक मनाने की अपील



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर में होली शांतिपूर्वक मनायी जाएगी। रमजान को लेकर इस वर्ष विशेष सावधानी रखी जाएगी । सोमवार को पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। डीएसपी शंकर कामती ने कहा कि सभी के सहयोग से शांतिपूर्वक त्योहार संपन्न होगा। बीडीओ जहीर आलम ने असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का निर्णय लिया । मौन रखकर शांति समिति सदस्य पूर्व मुखिया नीलू मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जल संकट के समाधान के लिए डीएसपी ने कार्यपालक अभियंता से बातचीत की। मौके पर पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, जिप सदस्य सोहराब अंसारी, बलराम साव, 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, सुमिता दास, मुखिया गोविंद साव, विनोद रजवार, शांति राम रजवार, ओमप्रकाश बजाज, मोबिन अंसारी, वीरेंद्र रजक, रति रंजन गिरि, पप्पू सिंह, अताउल्लाह अंसारी, मसूद आलम, मिहिर गोप, सरताज हुसैन, समरेश चौधरी, राजा दास , विपिन मंडल, दीपक मंडल, राजकिशोर गोप, तालेश्वर साव, कौशल कुमार, निर्मल गोराई, सतीश महतो, प्राण चंद्र सोरेन, बबलू बिष्टू, जयदीप मुखर्जी, अमल दत्ता, फिरोज अंसारी आदि ने कई सुझाव दिये।

### बीएसएल डार पैड घोटाला में सप्लायर साक्ष्य के अभाव में रिहा

**धनबाद।** बोकारो स्टील प्लांट लिमिटेड बीएसएल डेरियर टेंडर रजिस्टर पैड डारपैड घोटाला के एक पुराने मामले में सीबीआई की विशेष अदालत का सोमवार को फैसला आया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने इस मामले के एक आरोपी सुरेंद्र कुमार टांगरी को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है। डांगरी मैसेज कॉन्टिनेंटल प्रिंट्स लिमिटेड का सप्लायर था। सीबीआई ने इस मामले में आरोपी सुरेंद्र कुमार टांगरी के खिलाफ षडयंत्र रचने का आरोप वर्ष 1994 में लगाया था। इस मामले में 13 दिसंबर 2016 को पांच लोगों को अदालत ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी। सीबीआई की अदालत द्वारा टीबीए नारायणए रामदयाल रामए आरडी यादवएकेजी अरविंद कृष्णाए कृष्णा कुटी अरविंदाशम को धोखाधड़ी तथा षडयंत्र रचकर घोटाला करने के मामले में दोषी पाया था। सीबीआई द्वारा आरोप लगाया गया था कि वर्ष 1992 से 1993 एवं 1993 से 1994 तक आरोपियों द्वारा बीएसएल मैं अर्जेंट सप्लाई बताकर डारपैड की सप्लाई 29 रूपए के स्थान पर 95 रुपया 50 पैसे में की गई थी। कंपनी द्वारा कल 4365 डार पैड की सप्लाई की गई थी। इस प्रकार अभियुक्त द्वारा षड्यंत्र के तहत कंपनी को 11 लाख 73 हजार 690 रूपए अधिक भुगतान किया गया था।

**एक नजर में**

### मैथन थाना के समीप एनएच पर खड़ी बस में लगी आग



मैथन। मैथन थाना और टोल प्लाजा के समीप नेशनल हाईवे पर खड़ी पम्मी नामक बस में सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे अचानक आग लग गई। बस धू धू कर जलने लगी। आग की लपटे इतनी तेज थी कि दूर तक दिखाई दे रही थी। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। आग की लपटें देखकर मैथन पुलिस भी मौके पर पहुंची और सीआईएसएफ की फायरब्रिगेड यूनिट को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से बस बुरी तरह से जल गई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल सही पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि पम्मी बस पिछले एक वर्ष से यहां खड़ी पड़ी है। मैथन थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल कर आग लगने के कारणों का पता लगाया जाएगा। कहा कि यह भी जांच की जाएगी कि यह बस पिछले एक वर्ष से यहां क्यों खड़ी है और इसका मालिक कौन है।

## चुनाव में भयमुक्त वातावरण के लिए उठायें कदम

**समीक्षा बैठक में एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को दिये निर्देश**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने की मंशा से जिला प्रशासन मुस्तैद हो गया है। जिला पुलिस मुख्यालय धनबाद में सोमवार को एसएसपी ह्दीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सभी पुलिस उपाधीक्षक व सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एसएसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को भयमुक्त ,शांतिपूर्ण तथा सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए उचित कदम उठाएं। आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराएं और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। विधि- व्यवस्था संधारण, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, चुनाव के दौरान अपराधों की रोकथाम, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी अभियान चलाने की रणनीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में लंबित कांडों, कुर्की जब्ती, न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट की स्थिति, महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिये गए।

## निगम कर्मियों की मिलीभगत से हो रहा राजस्व का नुकसान

**धनबाद।** एक कहावत बहुत मशहूर है कि जैसा देश, वैसा भेष बदलने से सब काम आसान हो जाता है। धनबाद के शहरी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स को लेकर पिछले कई सालों से ऐसा ही हो रहा है। समान्य लोग या कमजोर लोगों को छोड़ कर ज्यादातर लोग टैक्स भुगतान में हेराफेरी कर रहें है। ये काम इसलिए हो रहा है कि क्योंकि इसमें नगर निगम के कर्मियों की भरपूर संलिप्ता है। वर्ष 2016-17 से यह खेल चल रहा है और चलते ही जा रहा है। घर में ज्यादा होल्डिंग टैक्स आने पर लोग निगम कर्मियों के साथ लेनदेन कर परिवार के दूसरे सदस्य के नाम पर नया होल्डिंग नंबर ले रहे है और नये सीरे से टैक्स का भुगतान कर रहे है। ऐसे लोगों के कारण निगम को 10 करोड़ से अधिक राशि का नुकसान हो चुका है। लेकिन ऐसे लोगों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाई नहीं हुई है। निगम के सर्वे के अनुसार शहरी क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार हाउस होल्ड है, लेकिन होल्डिंग सिर्फ 82 हजार हाउस होल्ड से ही निगम को प्राप्त होता है। इतना ही नहीं शहर में स्थापित कई बड़े सरकारी संस्थान निगम को टैक्स का भुगतान नहीं करते है। इसकी वजह से हर साल होल्डिंग मद से महज 25 से 27 करोड़ तक ही राजस्व की प्राप्ति होती है। इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार कहते है।

### सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सीबीएसइ की इन हाउस ट्रेनिंग संपन्न



**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर,सिनीडीह में सोमवार को सीबीएसई इन हाउस ट्रेनिंग तीसरे दिन समाप्त हुआ। रिसोर्स पर्सन डॉ पूजा ने आज कक्षा प्रबंधन के विषय में तथ्य परक जानकारी दी। उन्होंने क्रियात्मक रूप से बच्चों को आकर्षित कर उनके सर्वांगीण विकास के तरीके बताए। छोटे-छोटे प्रयोग के जरिये शिक्षक पाठ योजना बनाकर एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री की मदद से बच्चों को कैसे प्रेरित करें, यह विधि बताई। खेल-खेल में छोटे बच्चों को शिक्षा देने के गुर भी बताए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2024 के अंतर्गत इन विषयों को अमल में लाया जाए तो शिक्षा का उद्देश्य पूरा होगा। विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा ने आज के इस सत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया । उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय में हर शिक्षक इस कला में दक्ष हैं। विद्या भारती के विद्यालयों में यह योजना पहले से चल रही है। उसी में कुछ नयापन लाकर इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सजाया और संवारा गया है।

### वाहन जांच के दौरान 2.91 लाख बरामद

**मैथन।** लोकसभा चुनाव की तिथि घोषणा के साथ ही मैथन पुलिस ने झारखंड .पश्चिम बंगाल बॉर्डर पर वाहन जांच तेज कर दिया है। जिससे रोजाना गाड़ियों से बड़ी रकम बरामद हो रही है। मैथन पुलिस ने फिर सोमवार को तीसरी बार एक कार से 2.91 लाख रुपये नगद बरामद किया है।

### गलफरबाड़ी ओपी में शांति समिति की बैठक

**कुमारधुबी।** ईद और होली को लेकर आज गलफरबाड़ी ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी पंचायतों से लोग मौजूद थे। बपैठक में सभी ने समस्याएं बताई और कुछ सुझाव भी दिये. सभी सुझावों व समस्याओं पर विचार-विमर्श के बाद त्योहार में शांति व सद्भावना बनाए रखने पर सहमति जताई गई। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने कुछ आवश्यक निर्देश भी दिये। बैठक में सीओ कृष्ण मरांडी,ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, पागु होरो मौजूद थे।

## विद्यार्थी परिषद ने बीएसके कॉलेज के प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन, शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग

**मैथन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने सोमवार को बीएसके कॉलेजए मैथन में विद्यार्थियों के साथ बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की । बैठक के बाद कॉलेज में शिक्षकों की कमी को दूर करने एवं आईटीसी लैब को खुलवाने सहित अन्य मांगों को लेकर विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज के प्रिंसिपल से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। परिषद के कॉलेज उपाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया विगत 2 वर्षों से मैथमेटिक्स एवं रसायन विज्ञान डिपार्मेंट में एक भी शिक्षक नहीं हैं। शिक्षक के अभाव में छात्रों की पढ़ाई कैसे पूरी होगा। छात्रों का पठन-पाठन और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कॉलेज मीडिया प्रभारी सूरज कुमार साव ने बताया कि कॉलेज के आईटीसी लैब में 24 कंप्यूटर रखा हुआ हैए जो धूल से भर चुका है। आम विद्यार्थियों के लिए आईटीसी लैब खुला ही नहीं है। सरकार के साधनों का दुरुपयोग कॉलेज प्रबंधन कर रहा है। परिषद नेताओं ने कॉलेज प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गयाए तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। बैठक की अध्यक्षता मनीष कुमार झा ने किया। मौके पर परिषद के कॉलेज अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह मैथन नगर कार्यालय मंत्री राकेश कुमार कॉलेज मंत्री नेहा कुमारी सहित साक्षीए संजना ज्योति पाठकए साहिल मौजूद थे।

### शपथ पत्र

**मैं मोहन साव,** उम्र- 65 वर्ष, पिता- स्व दलु साव उर्फ दलु तेली, धर्म-हिन्दू, पेशा- खेती, ग्राम पो- रामाकुण्डा, थाना तोपचाँची, जिला- धनबाद (झारखण्ड) आधार नं.- 5010 3625-0391 शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि :-

**1**-यह है कि मेरा पैतृक सम्पत्ति तोपचाँची अंचल अंतर्गत मौजा-रामाकुण्डा, मौजा सं.- 54, खाता नं.- 304, 305, 306 एवं 172 जिसमें निम्नलिखित प्लॉट है, जिसे रेल सरकार द्वारा अधिग्रहण किया गया है।

**2**-यह है कि मेरा आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में मेरे पिताजी का नाम दलु साव है तथा जमीन के कागजातों एवं चकबंदी खतियान में मेरे पिताजी का नाम दलु तेली है तथा भु-अर्जन कार्यालय के निर्गत नोटिस में मेरे पिताजी का नाम दलु महतो है।

**3**-यह है कि दलु साव एवं दलु तेली तथा दलु महतो तीनों नाम एक ही व्यक्ति का है तथा वे मेरे पिताजी थे। वर्तमान समय में वे जीवित नहीं हैं।

**4**-यह है कि मैं अपना सही पहचान हेतु पासपोर्ट साईज छायाचित्र इस शपथ पत्र में चिपका रहा हूं।

**5**-यह है कि उक्त शपथ पत्र को सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहा हूं।

**6**-यह है कि शपथ पत्र पर उल्लेख की गई सारी बातें मेरी जानकारी सही एवं सत्य है।

सत्यापन

एतद् द्वारा शपथ पूर्वक कहता हूं कि इस शपथ पत्र में लिखे गये सभी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक 14.03.2024 को इस शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

मोहन साव

**शपथ पत्र नं.**
1689/15.03.2024
**En-No**-715/02

### जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक होना झारखंड के लिए शर्मनाक

**कतरास।** आजसू पार्टी के धनबाद जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने जेपीएससी परीक्षा में प्रश्न पत्र का लीक होना झारखंड के लिए शर्मनाक बताया है। उन्होंने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जेएसएससी की परीक्षा में भी प्रश्न पत्र लीक हो गया और इससे झारखंड की बदनामी हुई। उन्होंने कहा कि जेपीएससी परीक्षा में तो परीक्षार्थियों ने यह कहकर हंगामा खड़ा कर दिया कि परीक्षा के पूर्व ही प्रश्न पत्र लीक कर दिया गया है, जबकि जामताड़ा जिले के परीक्षा केंद्र का दृश्य भी बताता है प्रश्न पत्र लीक हो गया । मिहिजाम के एक परीक्षा केंद्र पर तो परीक्षार्थी खुलेआम उत्तर पुस्तिका भरते नजर आये हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं व छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीबीआइ जांच की अनुशंसा करनी चाहिए।

## क्रिकेट टूर्नामेंट : क्वार्टर फाइनल में पहुंची आरपीएफ की टीम

**खबर मंत्र संवाददाता**



**धनबाद।** रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन 6 मैच होना था, लेकिन एक मैच कंस्ट्रक्शन टीम की अनुपस्थिति के कारण पूर्व के अंकों के आधार पर इलेक्ट्रिक लोको शेड/गोमो को बिना खेले ही जीत दे दी गई। इसके अलावा चार मैच हुआ । पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए गति शक्ति ने निर्धारित 10 ओवेरों में 4 विकेट खोकर 117 रन बनाये। जवाब में डीजल लोको शेड/पतरातू की टीम 8.3 ओवर में 4 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरा मैच सी एंड डब्लू और इलेक्ट्रिकल(जी) के बीच खेला गया। सी एंड डब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवेरों में 8 विकेट खोकर 126 रन बनाये। जवाब में इलेक्ट्रिकल(जी) की टीम 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 118 रन ही बना सकी और यह मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। तीसरा मैच इलेक्ट्रिकल(ओ पी) और एकाउंट्स के बीच खेला गया। एकाउंट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 58 ही बना सकी। जवाब में इलेक्ट्रिकल(ओ पी) की टीम ने 3.2 ओवर में ही 1 विकेट खोकर बड़ी आसानी से यह लक्ष्य हस्सिल कर लिया। चौथा मैच आर पी एफ और कोल कमर्शियल के बीच खेला गया। कोल कमर्शियल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए । जवाब में आर पी एफ की टीम 9 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य लक्ष्य हासिल कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

### गोमो रेलवे कॉलोनी में चोरों ने रेल कर्मी के घर से ढाई लाख का सामान उड़ाया



**तोपचांची।** तोपचांची एवम हरिहरपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का हौसले बुलंद होता नजर आ रहा है। सक्रिय चोरों का दल लगातार घटना को अंजाम दे रहा है। पहले रेकी कर सुनसान गृह की टोह लेता है फिर धावा बोलता है। ताजा मामला हरिहरपुर थाना क्षेत्र के गोमो स्थित पहाड़तल्ली रेलवे कॉलोनी में देखने को मिलाण चोरों ने बंद रेलवे आवास को निशाना बनायाण लगभग ढाई लाख के जेवरात पर हाथ साफ कर लियाण भुक्तभोगी सहायक लोको पायलट महेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को धनबाद गए थेण रविवार को घर वापस आए तो घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ नजर आयाण घर में रखे सारा सामान अस्त.व्यस्त मिलाण चोरों ने घर में रखे अलमारी को तोड कर सोने के झुमकाए चैन और अंगूठी अपने साथ लेकर फरार हो गएण चोरी हुए समान की कीमत लगभग ढाई लाख बताया जा रहा हैण घटना के बाद रविवार देर शाम काफी संख्या में रेलवेकर्मी हरिहरपुर थाना पहुंचे और चोरी की घटना की शिकायत कीण घटना की शिकायत मिलते ही हरिहरपुर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## कलश यात्रा के साथ रामचरित मानस यज्ञ शुरू

**● झारखंड धाम शिव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** झारखंड धाम मंदिर रांगामाटी सिंदरी में तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री रामचरित मानस यज्ञ सोमवार को शुरू हो गया। इसके पहले 251 महिलाओं ने मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली। कलशयात्रा में शामिल महिलाएं आरएम फोर,आइएम टाइप, गुरुद्वारा मोड़ होते हुए शहरपुरा शिव मंदिर पहुंची। वहां कलश में जल भरकर सभी महिलाएं वापस झारखंड धाम मंदिर स्थित यज्ञस्थल पहुंची, जहां कलश को स्थापित किया गया। कलश यात्रा में शामिल सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी ने कहा कि इस जलयात्रा में शामिल होकर आस्था की विशेष अनुभूति प्राप्त हो रही है। जलयात्रा के बाद पंचयांडग पूजन मंडप प्रवेश कराया गया। यज्ञ को पूरा करने के लिए अजीत पांडेय, राजेंद्र पांडेय, दिलीप पांडेय, अनिल पांडेय, हलधर पांडेय की टीम मौजूद है।

**कलश यात्रा में ये लोग थे शामिल**

जलयात्रा में भाजपा नेत्री तारा देवी, दिनेश सिंह, विजय सिंह,अरविंद पाठक, कुमार महतो, जमसं सिंदरी अध्यक्ष रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना मुखिया, शत्रुघ्न महतो, कांग्रेस नेता पूणेंदु सिंह, अशोक वर्मा, राजेंद्र यादव, बिनोद यादव, मंदिर कमेटी अध्यक्ष विजय अंबेडकर, राजेश कुमार, शेखर कुमार, राकेश कुमार,आनंद मोहन सिंह, मनोज बाउरी, काली दा, रोहित कुमार, सन्नी यादव, शंकर राम, अर्जुन ठाकुर, सीणु, राहुल, रितिक, आरती प्रसाद, रेखा देवी, उषा देवी सहित भारी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

### एनएसयूआइ ने कुलपति को आरएसपी कॉलेज के जर्जर भवन से कराया अवगत

**धनबाद।** आरएसपी कॉलेज के जर्जर भवन की मरम्मत की मांग को लेकर सोमवार को एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल ने बीबीएमकेयू के कुलपति डॉ पवन पौद्दार को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला महासचिव नितेश शर्मा एवं रोहित पाठक ने कुलपति को बताया कि पिछले दिनों झरिया के एक स्कुल में एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें आठवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। यही हाल आरएसपी कॉलेज के भवनों का है। यहां हजारों छात्र स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने आते हैं,जहां संपूर्ण भवन में दरार बनी हुई है तथा छत की स्थिति इतनी जर्जर है कि छड़ दिखाई देता है। कभी भी प्लास्टर या छज्जा गिरने की बड़ी घटना घट सकती है। यहां 21 मार्च से जेनेरिक पेपर की परीक्षा शुरू होने वाली है। दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए वैसे क्लास रूम में छात्रों को बैठकर परीक्षा ना लिया जाए जिस क्लास रूम की हालत अत्यंत खराब है। कुलपति ने मामले का संज्ञान में लेते हुए ठोस कदम उठाने की बात कही। मौके पर संगठन के झरिया नगर अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, जिला सचिव आकाश प्रमाणिक,विश्वविद्यालय सचिव जयप्रकाश यादव, पिके राय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह एवं वरिश शाह मौजूद थे।

# नये लीज दर से कई होंगे बेघर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू उपयुक्त के द्वारा भेजे गए लीज नवीकरण हेतु भूमि दर बढ़ाने के प्रस्ताव के आलोक में झारखंड सरकार द्वारा अनुमति दिये जाने का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं सरकार लीजधारीयो के साथ मनमानी कर रही है। एक तरफ सरकार 20 वर्षों से केवल नये-नये नियमों का नोटिफिकेशन पर नोटिफिकेशन कर रहा है तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीजभूमि दर पर दर बढ़ते जा रही है जिससे लीजधारी लीज कराने में असमर्थ होते चले जा रहे हैं।

प्रथम महापौर ने कहा कि मैं भी पिछले वर्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक में थी और मैंने दर बढ़ाने के मुद्दे का पुरजोर विरोध करते हुए अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त पलामू को कहा था। माननीय जब पुराने दर पर ही 1896 लीजधारियों में मात्र 46 लीज धारीयो ने अब तक लीज नवीकरण कराया तो क्या लीज दर और भी बढ़ा देने से लीजधारी लीज नवीनीकरण करा पायेंगे? मैंने समिति का प्रस्ताव को ठुकराते हुए सिग्नेचर तक नहीं की जिसे आज भी फाइल में देखा जा सकता है। मुझे बाद में हस्ताक्षर करने हेतु दबाव भी दिया गया लेकिन मैंने जनहित को ध्यान में रखते हुए मना कर दिया।

### मिलकर करना होगा काले कानून का विरोध : अरुणा शंकर



प्रथम महापौर ने कहा कि जब हमारा शहर बसाना था तब सरकार ने मात्र दो चार रुपये रेंट और हर नवीकरण पर रेंट दुगना करने की शर्त साथ ही बिना उपायुक्त की अनुमति लीज भूमि का स्वरूप बदलने पर 250 रुपये फाइन का प्रावधान करते हुए लीजधारियों के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर शहर को बसाया। बाद में जब सारा शहर बस गया, लोगों ने उस भूमि पर क्षमता के अनुसार लाखों, करोड़ों रुपये लगा दिये। तब अचानक बिना लीजधारियों की सहमति के अपने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट को तोड़ते हुए सलामी के साथ कई शर्त लगाते हुए लंबा चौड़ा लीज दर का निर्धारण कर दिया और यही लीज दर एवं भूमि दर बढ़ाकर इतना कर दिया जितने में लोग आज कांके रोड रांची में केवाला पर भूमि खरीद सकते हैं।हद तो तब है जब लीजधारी जिनका लीज 5/10 साल पहले खत्म हुआ और समय पर उन्होंने लीज नवीकरण के सभी प्रावधानों को पूरा करते हुए ससमय अप्लाई भी किया उसके बाद खासमहल पदाधिकारी द्वारा भेजी गयी सहमति पत्र पर सहमति भी दी गयी।

# सांसद ने किया गढ़वा-रेहला फोरलेन बाईपास निर्माण के कार्य का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार की देर रात गढ़वा रेहला फोरलेन बाईपास निर्माण कार्य का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद श्री राम ने कहा कि उक्त फोरलेन का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। शेष 5 प्रतिशत कार्य ग्राम अंचला में कब्रिस्तान के पास बचा हुआ है जो कार्य बहुत धीमी गति से चल रही है, जिसपर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि गढ़वा बाईपास फोरलेन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से गढ़वा वासीयों को आय दिन जाम की समस्या से जुझना पड़ रहा है। सांसद श्री राम ने एनएचएआई के पदाधिकारियों एवं फोरलेन निर्माण का कार्य कर रही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी को अविलंब शेष कार्य को पूर्ण करने को कहा, ताकि जल्द गढ़वा रेहला फोरलेन बाईपास से जल्द आवागमन प्रारंभ हो सके और गढ़वा वासियों को वर्षों की चिर-परिचित मांग पूर्ण हो सके। उन्होंने बाईपास पथ निर्माण कार्य पूर्ण होने से लोगों का आवागमन सुलभ होगा। साथ ही बेहतर पथ होने से लोगों के समय की भी बचत होगी।



निरीक्षण करते सांसद बीडी राम और अन्य।

**लोकसभा चुनाव : सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी संग उपायुक्त की बैठक**

# 23 तक थाने में जमा करें आर्म्स नहीं तो रद्द हो जायेगा लाइसेंस

■ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी संग बैठक की

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है मतदान के दिन तय हो गये हैं। ऐसे में आप सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करें तथा निर्वाचन से संबंधित सभी संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द समर्पित करें। उन्होंने कहा कि प्राप्त निदेश के आलोक में सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होना अनिवार्य है। जिले के सभी 1796 मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप तथा पर्याप्त संख्या में फर्नीचर उपलब्ध रहे इसे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें। मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर न्यूनतम मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करें ताकि मतदाताओं तथा मतदान दल को मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।



बैठक करते उपायुक्त और उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

**वीएमएस व एमएमएस से ही निर्वाचन कार्यों को संपादित करें : उपायुक्त-** बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने वाहनों की उपलब्धता, उसमें ईंधन की व्यवस्था व भुगतान से जुड़े सारे कार्यों को व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये ही निष्पादन कराने की बात कही। इसी तरह सामग्री आपूर्ति से जुड़े कार्यों को मैटेरियल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये निष्पादन करने को कहा। कहा कि निर्धारित गाड़ी के अलावा किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की गाड़ी न बदले यह सुनिश्चित होना चाहिए।

# खेल के क्षेत्र में भी युवा तलाशें अवसर बेहतर संभावना की उम्मीद : अमृत शुक्ला

■ जिलास्तरीय डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट पर डंडीला खुर्द का कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि खेल का क्षेत्र में भी युवाओं को असीमित अवसर प्रदान कर रहा है इसलिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है ताकि इस क्षेत्र में छुपे अपार संभावनाएं की तालाश भी सुगमता के साथ हो सके। श्री शुक्ला विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में आयोजित जिलास्तरीय डे नाईट बॉलीबॉल टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। संसाधन के आभाव और उचित प्लेटफार्म नहीं मिल पाने के कारण ग्रामीण प्रतिभाओं को अपेक्षित मंजिल नहीं मिल पा रहा है।



विजेता टीम को पुरस्कार देते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** श्री शुक्ला ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि अब उन्हें संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्हें कई सशक्त प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराया जायेगा। इससे पहले टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डंडीला खुर्द टीम और डालटनगंज टीम के बीच खेला गया। जिसमें डंडीला की टीम ने सीधे सेट में डालटनगंज को 3-1 से पराजित कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने किया। ट्रॉफी के साथ विजेता टीम को नकद 25 हजार और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये दिये गये। श्री शुक्ला ने घोषणा की है कि अब प्रति वर्ष इस वॉलीबॉल टूर्नामेंट कराया जायेगा। मौके पर प्रो नंदलाल शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,पंडित विजय कांत शुक्ला, मुखिया रवि शंकर चौबे, मनीष कुमार,ज्वाला गुप्ता, राजेश शुक्ला, राजेश मार्शल, दिनेश कुमार, भूषण शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, आलोक शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, मार्कंडे चौबे, दिनेश शुक्ला, मिथलेश चौबे, सिद्धांत दुबे, आयुष शुक्ला थे।

## रामदेव यादव दूसरी बार बने अध्यक्ष

■ पलामू जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव परिणाम घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ का पुनर्मतदान शांतिपूर्ण कराया गया। उसके बाद मतदान की मतगणना ऑब्जर्वर बालेश्वर सिंह, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव की निगरानी में तथा स्टेट बार काउंसिल से नियुक्त चुनाव संचालन समिति के सदस्य राजेंद्र तिवारी, शौकत अली, शशिभूषण दूबे के देखरेख में कराया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर रामदेव प्रसाद यादव को सर्वाधिक 299 मत , जबकि इनके प्रतिद्वंद्वी बलराम तिवारी को 200 मत प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार तिवारी को 137 मत, इनके प्रतिद्वंद्वी मनधारी दूबे को 117 मत मिले। कोषाध्यक्ष के पद पर जय किशोर पाठक को 154 मत, इनके प्रतिद्वंद्वी संतोष कुमार तिवारी को 64 मत मिले। उप कोषाध्यक्ष पद पर देव कुमार शुक्ला को 259 मत मिले, इनके प्रतिद्वंद्वी रामप्रवेश रजक को 227 मत मिले। जबकि संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर नीतिन कुमार पांडेय को 132 मत व इनके प्रतिद्वंद्वी विक्रम त्रिपाठी को 113 मत प्राप्त हुए। उप सचिव पुस्तकालय के पद पर संतोष कुमार तिवारी को 238 मत मिले।



## शहर को जाम मुक्त कराने को लेकर कार्यपालक अधिकारी ने कसी कमर

■ ओवरब्रिज के नीचे क्लैम्प लगाकर कुछ लोगों पर किया फाइन

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** शहरी क्षेत्रों को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर अधिकारी कमर कस चुके हैं। नगर पंचायत के मुख्य बाजार में जाम की स्थिति से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार स्थानीय लोग सड़क जाम से निजात दिलाने की मांग करते रहे हैं जिस पर अब फूल ऐक्शन में काम शुरु हो गया है।कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने कई दिनों से सड़क पर खड़े वाहनों को पहियों में क्लैम्प लगा कर जुर्माना वसूला है। वहीं सड़क के दोनों ओर पीला रंग की लाइनिंग की गयी है, जिसके अंदर वाहन खड़ी करना मनाही है। रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बाइक के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। वहीं नगर पंचायत में कुछ दिनों से साफ पानी नहीं आ रहा था, जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने टंकी की सफाई करवाने को कहा। शहर क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है।



### पेंशनर समाज की बैठक आयोजित

**मोहम्मदगंज पलामू।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक पलामू जिला संयुक्त सचिव रामाशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राज्यकर्मी, केंद्रीय कर्मी पेंशनरों की बैंक, विभागीय लाभांश, पेंशन समस्या और उसके समाधान सहित संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय संगठन में गौरीशंकर सिंह अध्यक्ष, रामसुंदर मेहता उपाध्यक्ष, कामता मेहता सचिव, जवाहर पासवान कोषाध्यक्ष, कयामुद्दीन अंसारी संगठन मंत्री बनाये गये हैं।

### जन कल्याण ट्रस्ट का ब्लड डोनेशन कैंप आज



**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट 19 मार्च को स्वैच्छिक ब्लड डोनेट कैंप एमएम सी एच ब्लड बैंक परिसर में किया है। इसकी जानकारी जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे ने दी। श्री दुबे ने बताया कि 19 को 11 बजे से स्वैच्छिक ब्लड डोनेट कैंप में ट्रस्ट के सदस्य रक्तदान करेंगे। साथ ही अन्य लोगों को भी कैंप में आने का आग्रह किया गया है।

### विवाहिता की मौत के मामले में नामजद प्राथमिकी

**मोहम्मदगंज पलामू।** गाजी बिहरा गांव में रविवार को एक विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के भाई कचरा के रणजीत सिंह ने मोहम्मदगंज थाना में मृतका पूजा देवी (32) के पति दीपक सिंह, सास इंदु देवी सहित अन्य तीन नामजद के विरुद्ध गला दबा कर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है। कहा कि दीपक व उसके परिवारवाले बराबर बिजनेस के लिए पैसे मांगने को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित करते रहते थे। थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। अग्रेतर कार्रवाई व छानबीन जारी है।

### श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर हुई बैठक



**सतबरवा पलामू।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर सोमवार को सूर्य मंदिर रामघाट सतबरवा में ग्रामवासियों की बैठक हुई। जिसमें यज्ञ का आयोजन 4 से 8 मई 2024 तक कराने का निर्णय लिया गया। यज्ञ को सफल बनाने के लिए कमेटी बनायी गयी। अध्यक्ष निर्दोष कुमार, सचिव संतोष प्रसाद, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रजापति तथा संतोष प्रजापति, महामंत्री भीम प्रसाद, निगरानी अध्यक्ष प्रकाश कुमार, संगठन मंत्री श्रवण गुप्ता के अलावा सदस्य प्रेमचंद पासवान, महेंद्र सिंह, मनीष सिंह, उमेश प्रसाद, राकेश कुमार, सुनील प्रजापति, शिवमंझी वीरेंद्र, प्रसाद बिगन, कृष्णा पासवान, सुरेंद्र रजक को बनाया गया है। यज्ञ के दौरान रात्रि में प्रवचन कार्यक्रम किया जायेगा।

## राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने पलामू एथलेटिक्स टीम देवघर रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू एथलेटिक्स टीम देवघर के लिए रवाना हो गई। देवघर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता कराया है। प्रतियोगिता कुमैता स्पोर्ट्स कंपलेक्स देवघर जिला में दिनांक 20 से 22 मार्च तक 14 वर्ष आयु वर्ग, 16 वर्ष आयु वर्ग, 18 वर्ष आयु वर्ग एवं 20 वर्ष आयु वर्ग के बालक/ बालिकाओं की होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू से एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडेय और मोनू कुमार मैनेजर अक्सा नाग के नेतृत्व में 55 सदस्यीय बालक/ बालिका टीम को जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे।



### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला और सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व स्पेशल जज पोक्सो एक्ट के न्यायाधीश प्रेमनाथ पांडेय की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी बच्चन यादव को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। वहीं 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में पीड़िता ने लंगरकोट निवासी ने हुसैनाबाद थाना अंतर्गत बंसी बीघा नहर मोड निवासी बच्चन यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराई थी।

## सेवा सदन में अब एक साथ छह ऑपरेशन संभव होगा: सुरेश जैन

■ सेवा सदन में नया ऑपरेशन थियेटर स्थापित किया गया

■ रतन देवी जैन ने फीता खोलकर किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपनी अमिट पहचान बनाने वाला प्रकाश चंद्र जैन सेवा सदन एक से बढ़कर एक कीर्तिमान स्थापित करते जा रहा है। जिसका स्वास्थ्य लाभ मध्यम, गरीब समेत हर तबके के लोगों को मिल रहा है। आम लोगों को सरल व सुलभ स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए सुरेश जैन के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन सेवा सदन उंचाइयों को छू रहा है। इसी कड़ी में एक नया ऑपरेशन थियेटर रूम स्थापित किया गया। जिसका उद्घाटन रतन देवी जैन एवं डॉ श्याम बिहारी महतो ने फीता खोलकर किया। सुरेश जैन ने बताया कि पूर्व से एक ऑपरेशन थियेटर संचालित है जिसमें एक साथ तीन ऑपरेशन होता था।



**नेहरू युवा केंद्र पलामू ने हुसैनाबाद के लोटनिया में करायी खेलकूद प्रतियोगिता**

# खेलकूद से होता है नीरस जीवन में ऊर्जा का संचार : सतीश शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** नेहरू युवा केंद्र पलामू के द्वारा हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के लोटनियां गांव में खेल प्रतियोगिता करायी गयी। कार्यक्रम का आगाज पूर्व स्वयंसेवक सतीश शर्मा एवं गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियो ने विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गयी। इसमें रस्सी खींच, लंबी कूद, ऊंची कूद इत्यादि कराया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के प्रतिभागियों को उपहार व मेडल तथा नेहरू युवा केंद्र का प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं इस खेल में रस्सी खींच में पिपरडीह बनाम करिमनडीह के बीच खिंचा गया जिसमें पिपराडीह विजेता बना। वहीं लंबी कूद में प्रथम स्थान आशीष कुमार, दितीय अभय पाल, तृतीय पवन कुमार रहे। इसी क्रम में उच्ची खुद में प्रथम स्थान श्रवण कुमार, दितीय मुकेश कुमार, तृतीय शुभम कुमार ने लेकर खेल के विजेता बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश शर्मा ने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर व दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व पदाधिकारी।

**खास बातें :** मौके पर कप्तान कैफ अंसारी, धीरज कुमार, उप कप्तान जय कुमार, सनोज कुमार, अजय सिंह, लखन यादव, महमूद अंसारी, इस्तयाक अंसारी, सचिन पाल, धनंजय यादव, जसवंत यादव, विरण यादव, सुमंत कुमार, शेखर कुमार, बिट्टू कुमार, विशाल कुमार, राजु कुमार, रोहित कुमार, श्रवण कुमार, आशीष यादव, बाबुराम यादव, मुकेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, प्रवीण कुमार, इमरान अंसारी, फिरदोस अंसारी इत्यादि खिलाड़ी उपस्थित थे।

# पलामू जिला प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने किया पुरस्कार वितरण

■ अंतर विद्यालय नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्राईवेट स्कूल डायरेक्टर्स एसोसिएशन मेदिनीनगर के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का ट्राफी वितरण समारोह विगत 16 मार्च को शाहपुर स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हुआ। सिनियर वर्ग में विजेता ग्लोबल जरा पब्लिक स्कूल लेस्लीगंज तथा उपविजेता टैलेंट पब्लिक स्कूल नेउरा की टीम रही। जुनियर वर्ग में कैलाश कुसुम पब्लिक स्कूल बैरिया मेदिनीनगर विजेता और ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल बाईपास रोड मेदिनीनगर की टीम उपविजेता रही। सीनियर वर्ग में ग्लोबल एरा पब्लिक स्कूल लेस्लीगंज के चंदन कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग में ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल के अरुण कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्राफी दी गयी। अतिथियों ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।



विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** अतिथियों ने कहा कि एसोसिएशन हर साल स्कूली बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए क्रिकेट समेत कई खेल कराती है। स्कूली बच्चों को खेल में हरसंभव सहयोग करेंगे। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बिनोद मिश्र, सचिव विमल कुमार, कोषाध्यक्ष उदय सुमन, उपाध्यक्ष इजहारुल हक अंसारी, राजीव दुबे, रवींद्र तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित थे। संचालन विमल कुमार और धन्यवाद ज्ञापन बिनोद मिश्र ने किया।

## स्पीड न्यूज

### टेंडर में अनियमितता की शिकायत

**हरिहरगंज पलामू।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री सूर्यांशु सिंह ने पलामू उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त को आवेदन देकर नगर पंचायत हरिहरगंज अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का टेंडर में हो रहे अनियमितता की शिकायत की है। आवेदन में उन्होंने कहा कि गत 22 फरवरी को प्रकाशित काम 2023-24 में निविदा निस्तारण की प्रक्रिया को ताक पर रखकर चुनिंदा संवेदक को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाया जाता है। नियम के अनुसार डबल बीड टेंडर में पहले पेपर वेरिफिकेशन होता है। तब रेट बीड खुलता है।

### अवैध शराब के खिलाफ हुई छापामारी



**हुसैनाबाद, पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में होली और लोकसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कई गांवों में अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। सोमवार को थाना क्षेत्र के ईटवांध, घाघरा एवं डंडिला गांव में छापामारी की गयी। जिसमें कुल 12 हजार किग्रा जावा महुआ तथा 250 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। हुसैनाबाद पुलिस के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने पुष्टि की है।

### डंडीला में 20 को होली मिलन समारोह



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में ग्रासिम इंडस्ट्रीज मुख्य द्वार के बगल में 20 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह रखा गया है। समारोह नवयुवक संघ करा रहा है। इसकी जानकारी संघ के संरक्षक प्रो नंदलाल शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में बिहार और झारखंड के कई नामी भोजपुरी ब्यास और कलाकार शामिल होंगे .पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य करने हेतु कई प्रसिद्ध नर्तकी भी आयेंगी। प्रो शुक्ला ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला होंगे।

### संगठन विस्तार और मजबूती पर चर्चा

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर व्यवसायी संघ की बैठक स्थानीय जनता उवि परिसर में रविवार को देर शाम में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल और संचालन प्रभु प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में संघ के विस्तार व मजबूती पर चर्चा हुई। इसके अलावा संघ ने 23 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। होली मिलन समारोह विश्रामपुर के शिव छठ घाट पर होगा, जिसमें पलामू के जाने माने कलाकार शिव कुमार चौधरी, प्रसिद्ध तबलावादक शिशिर शुक्ला सहित भोजपुरी के कई गायक और कलाकार शामिल होंगे। मौके पर संघ के अध्यक्ष पंकज लाल, संतोष गुप्ता, लालन सोनी, मनीष कुमार, संजय गुप्ता, ग्यासुद्दीन अंसारी, गोपाल सोनी, कृष्णा केशरी भी थे।

### नर में नारायण की सेवा : मिशन समृद्धि



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर चल रहा है। जब आस्था हो नर में नारायण की तो निश्चित रूप से जरूरतमंदों के लिए भोजन से झोली भर ही जाता है। वास्तव में सालों से संस्था के सदस्य बहुत ही निष्ठा के साथ जरूरतमंदों की सेवा में अपना बहुमूल्य समय परिश्रम के साथ देते हैं जिसमें मेदिनीनगर के नागरिकों तथा मीडिया भाइयों का भी सहयोग मिलता है। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों, राहगीरों के बीच रोटी सब्जी और खिचड़ी बांटी गयी। इसमें शिल्पा गोस्वामी, बेबी पांडेय, शालिनी श्रीवास्तव, बैजंती गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, ऋषि कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### विजय सिंह अध्यक्ष, केएन त्रिपाठी बने संयोजक



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा में श्री लक्ष्मी नारायण चातुर्मास महायज्ञ 2024 को सफल बनाने के लिए रविवार को मंदिर परिसर में महायज्ञ को सफल बनाने के लिए महायज्ञ कमेटी बनाने पर चर्चा की गयी। मालूम हो कि श्री लक्ष्मी प्रपन्न स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 2024 दशहरा से शुरू होगा जो पांच दिनों तक चलेगा। इससे पूर्व चार माह स्वामी जी प्रवचन करेंगे। इसके सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से महायज्ञ कमेटी बनी, जिसमें विजय सिंह अध्यक्ष, योगेंद्र शुक्ला, मुरली शुक्ला, श्रवण शुक्ला, रामाधार सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, अरविंद शुक्ला, मलुकी सिंह, पप्पू सिंह, अजय सिंह, अरुण सिंह, विनोद सिंह उपाध्यक्ष, अंबुज सिंह को सचिव, संतोष शुक्ला संरक्षक, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी संयोजक, अजीत मिश्रा, विनय सिंह, राजीव तिवारी, सच्चिदानंद मिश्रा मीडिया प्रभारी बनाये गये।

### महासंघ ने स्थगित किया आंदोलन



**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के केंद्रीय संयुक्त संगठन मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग पलामू एवं मोटर निरीक्षक कार्यालय पलामू के भ्रष्टाचार पर पूर्व से निर्धारित दिनांक 18 मार्च से दो दिवसीय आंदोलन आदर्श आचार संहिता के सम्मान एवं पालन में आपातकाल बैठक के माध्यम से स्थगित किया गया। उपायुक्त सहित मुख्य निर्वाचन आयुक्त ईसीआई, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची झारखंड, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, सचिव परिवहन विभाग झारखंड सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को संगठन द्वारा जारी पत्र के माध्यम से कहा गया है कि संगठन द्वारा पूर्व में दिए गए पत्र पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया है कि परिवहन विभाग एवं एमबीआई पलामू ने उपायुक्त एवं संबंधित अधिकारियों को अंधेरे में रखकर डीआईजी दिग्भ्रमित करते हुए विभागीय कार्यों केअनियमितता पूर्ण निडरतापूर्वक निष्पादन करवाया गया है जो जांच का विषय है।

### 23 को मनेगा भगत सिंह का शहादत दिवस

**मेदिनीनगर।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस 23 मार्च मनाने को लेकर शहादत समारोह समिति की बैठक की गयी। बैठक आयोजन बंगाली पुस्तकालय में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रेम भसीन उपेंद्र मिश्रा व मुनमुन चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से की।

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा : गंगा में चलाया स्वच्छता अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वाधान में 16 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोमवार को नमामि गंगे के द्वारा मुक्तेश्वर घाट पर गंगा तट की सफाई करके स्वच्छता पखवाड़े का प्रारंभ किया। सुबह के साहिबगंज जिले के मुक्तेश्वर घाट पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रकाशित नमामि गंगे परियोजना का संपूर्ण विवरण किया गया। जिले में 16 मार्च से 31 मार्च 2024 तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में मुक्तेश्वर घाट पर गंगा तट की सफाई कर वृक्ष रोपण कर लोगों से भी इसमें जुड़ने का आह्वान किया गया। स्वयंसेवकों ने नमामि गंगे के संयोजन में श्रमदान कर गंगाजल में कपड़े, पॉलिथीन, ईश्वर की तस्वीरें और धार्मिक वस्तुओं को निकाला। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गंगा तट से बड़ी मात्रा में कूड़ा एकत्र कर निस्तारण के लिए भेजा। स्वच्छता पखवाड़ा को देखते हुए शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। कार्यक्रम में बताया कि गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जन जागरूकता और जन सहभागिता के माध्यम से लोगों को गंगा सफाई के प्रति जोड़ना है। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा नदी किनारे स्थित नगरीय क्षेत्रों, कस्बों, घाटों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राष्ट्रीय गंगा नदी को स्वच्छ बनाने एवं उसमें जलीय जंतुओं को संरक्षित करने के प्रति जागरूकता लाना है। 31 मार्च तक चलने वाले इस स्वच्छता पखवाड़े के तहत गंगा में घरेलू कचरे को प्रवाहित करने से रोकना, प्रदूषण में कमी लाना, सीवेज को गंगा में न बहाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गंगा प्रवाह वाले सभी राज्यों में गंगा संदेश यात्रा, गंगा स्वच्छता श्रमदान आयोजित किए गए। इस मौके पर जिला प्रयोजना पदाधिकारी नमामि गंगे मणिकांत रजक, शर्वरी खातून, रतन गुप्ता, नगर प्रबंधक बिरेश कुमार, रवि शेखर, मणि प्रकाश सिन्हा, शिव हरी, अनूप लाल हरी, सोनू हरि, मुन्ना सिन्हा, नप कर्मियों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया

# साहिबगंज : सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्र बोरियों एवं राजमहल का निरीक्षण किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** सोमवार को सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ अरविन्द कुमार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों एवं अनुमण्डलीय अस्पताल राजमहल का औचक निरक्षण किया गया।

जिसमे ओपीडी, आइपीडी, प्रसव कक्ष,उपस्थिति पंजी एवं अस्पताल मे साफ-सफाई आदि को देखे। निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के द्वारा सभी पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। सिविल सर्जन महोदय के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों में हो रहे महिला बांध्यकरण का भी निरक्षण किये। साथ साथ सिविल सर्जन महोदय के द्वारा अनुमण्डलीय अस्पताल राजमहल में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्लू एवं सहिया साथी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने एवं सभी इंडिकेटर पर शत -प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिए।

मौके पर डॉ सालखु चन्द्र हांसदा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ उदय टुडू उपाधिक्षक, डॉ किरण माला, डॉ सत्ती बाबू डाबडा जिला बीभीडी सलाहकार, अमित कुमार बीपीएम, बिष्णु कुमार भगत बीपीएम आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### शिकारीपाड़ा थाना में शांति समिति की बैठक शांतिपूर्वक होली मनाने का आह्वान



**शिकारीपाड़ा।** हिंदूओं का रंगीन त्योहार होली, आसन्न लोकसभा चुनाव एवं मुसलमानों के पवित्र माह रमजान एक साथ आ जाने से दुमका जिला प्रशासन अत्यंत सचेत हो उठा है। इसी क्रम में सोमवार को शिकारीपाड़ा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी शिकारीपाड़ा एजाज आलम और नव पदस्थापित थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्यौहार मनाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली में हुड़दंग ना करें और त्यौहार की रंगीनियों को चुनाव तथा माहे रमजान को देखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। इस अवसर पर थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह ने कहा कि हुड़दंगियों पर प्रशासन की सख्त नजर है और हर हाल में शिकारीपाड़ा में सामाजिक समरसता को बरकरार रखा जाएगा। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेंब्रम, बीजेपी के रामनारायण भगत, प्रियरंजन गुप्ता सहित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### कथारा : लोहा काटने के औजारों के साथ पांच लोहा चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**बेरमो/कथारा।** जारंगडीह पिछले लंबे समय से सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के रेलवे कॉलोनी के समीप स्थित बंद केपटी पावर प्लांट लोहा चोरो के निशाने पर है और आज स्थिति यह है कि प्लांट के किमती सामानों की बाते तो दुर प्लांट में इस्तेमाल लोहा चोरो के भेंट चढ़ चुका है। दुसरे शब्दों में प्लांट पुरी तरह खंडर बन चुका है। प्लांट के नाम पर बस उसकी चिमनी व प्लांट का भवन शेष है। हालांकि समय समय सीसीएल सुरक्षाकर्मियों तथा स्थानीय पुलिस द्वारा कारवाई होती रहती है और चोरी के लोहे के साथ साथ लोहा काटने के औजार जैसे गैस कटर, गैस सिलेंडर, यहां तक की ट्रेक्टर तक भी जप्त किया गया है मगर अक्सर लोहा चोर पुलिस प्रशासन की पकड़ से बच निकलता है। कभी कभार एका दुक्का लोहा चोर पकड़ा भी गया मगर चोरो के हौसले मे कोई कमी नहीं आई। इसी क्रम में सोमवार को कथारा ओपी के नये थाना प्रभारी जितेश कुमार अपने दलबल के साथ बंद पड़े केपटी पावर प्लांट में छापेमारी अभियान चलाया जिसमे उन्हें बड़ी सफलता हाथ लगी। इस कारवाई मे कुल पांच चोर और लोहा काटने मे इस्तेमाल होने वाले गैस कटर मशीन और गैस सिलेंडर बरामद किया। पुलिस गिरफ्तार लोहा चोरो क्रमशः अनिल नायक, लालमोहन नायक, आनंद नायक उर्फ छोटे नायक, फुदू मांझी, राज कुमार सिंह को थाने ले आई और कानुनी प्रक्रिया पुरी होने के बाद पांचो गिरफ्तार लोहा चोरो को देर शाम न्यायिक हिरासत में तेनुघाट जेल भेज दिया। इस कार्रवाई से जहां एक ओर पुलिस गदगद नजर आ रही है वही लोहा चोरो के बीच हड़कंप मचा हुआ है। मगर अभी भी पुलिस लोहा चोरो के सरगना से कोसो दुर नजर आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार अवैध लोहा का मुख्य गोदाम महज दामोदर नदी के दुसरे तरफ स्थित है और उसके संचालक लोहा चोरो का किंग माना जाता है।

### राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने बीडीओ तालझारी को काम पर लौटने का ज्ञापन सौंपा



**साहिबगंज।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के तालझारी पंचायत सहायक द्वारा सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी तालझारी सालखु हेंब्रम को अपना धरना स्थगित कर काम पर लौटने को लेकर ज्ञापन सौंपा। पंचायत सहायक संघ के तालझारी प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ अपनी पांच पुत्री मांगो को लेकर विगत 8 जुलाई 2023 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन राज भवन के समक्ष 253 दिन से कर रहे थे। राज्य सरकार मंत्री परिषद की बैठक 12 मार्च 2024 को प्रोजेक्ट भवन की बैठक में संघ के कुछ मांगों को सरकार ने पूरी की है। इसलिए पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को सोमवार से स्थगित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेंब्रम को ज्ञापन सौंपा गया। 12 मार्च 2024 के कैबिनेट में हम लोगों का मुख्य मांग यह था कि पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का नाम बदलकर पंचायत सहायक कर दिया जाए, जो कि हम लोगों का नाम पंचायत सहायक कर दिया गया है, और पूरी तालझारी प्रखंड के तमाम पंचायत के पंचायत सहायक काम पर लौट गए हैं। मौके पर मोती झरना के मोहम्मद असद राजा, करमपुरातो मोहम्मद तारीख अनवर, बड़ीभगिया शशि कुमार सिंह, सकडभंगा प्रियंका देवी, सलगाछी संथाली टाईटेस मालतो, सहित अन्य पंचायत सहायक उपस्थित थे।

### जेपीएससी परीक्षा के पहली पाली में 8531 व दूसरी में 8514 अभ्यर्थी हुए शामिल



**बोकारो।** जेपीएससी द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। जिले के कुल 59 सेंटर में प्रथम पाली में 08531 एवं दूसरी पाली में 08514 परीक्षार्थी शामिल हुए। क्रमशः 19038 व 19055 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। मौके पर एसडीओ चास ओपी गुप्ता, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर डीसी एसपी ने केंद्राधीक्षक वीक्षकों को कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

### कलशयात्रा के साथ श्यामा माई मंदिर में भागवत कथा हुई प्रारम्भ



**बोकारो।** स्थानीय जनवृत 2 स्थित शिव मंदिर के कुएं से शुद्ध जल सभी मंदिरों की परिक्रमा करते हुए श्यामा मंदिर तक कलशयात्रा निकली और तत्पश्चात सेक्टर 2 स्थित श्यामा माई मंदिर में भागवत कथा का आरंभ हुआ। वृंदावन के कथावाचक पं गोविन्द कृष्ण शास्त्री ने अपने समस्त सहयोगियों के साथ से यज्ञ के प्रधान यजमान संजय कुमार झा सुनीता झा मैथिली कला मंच के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर डॉ उदय चंद्र झा पं गोविन्द झा सुशील कुमार झा ममता सिंह वीणा देवी साधना चौधरी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कथा का शुभारम्भ किया।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो रोटरी ने महिला स्वास्थ्य को लेकर किया जागरुकता कार्यक्रम



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन की ओर से जनस्वास्थ्य के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्लम बस्ती में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में मासिक धर्म स्वच्छता और जल स्वच्छता पर महिलाओं को जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता डॉ अनुप्रिया और डॉ मीता सिन्हा ने महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां दीं जिनमें अच्छे मासिक धर्म स्वच्छता अभ्यासों के महत्व को बताया गया और जल स्वच्छता को बढ़ावा देने का महत्व उजागर किया गया। डॉ मीता सिन्हा ने महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए उचित मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। डॉ अनुप्रिया ने जल स्वच्छता के महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रकाश डाला और पानी के संसाधनों को संरक्षित करने और घरेलू और समुदायों में कुशल पानी उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा की। गर्भवती महिलाओं के पोषण को ध्यान में रखते हुए उन्हें फल बिस्कुट और स्वच्छता के दृष्टिकोण से सैनेटरी पैड वितरित किए गए। मौके पर अमीषा अग्रवाल आदित्य अग्रवाल ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की।

### डीएवी द्वारा बीएसएल स्कूलों के संचालन पर राजद ने जताया आभार

**बोकारो।** बोकारो के राजद नेताओं ने डीएवी ग्रुप को बीएसएल के स्कूलों का संचालन करने की जिम्मेदारी दिए जाने हेतु बोकारो इस्पात प्रबंधन के प्रति आभार जताया है। मखदुमपुर में युवा राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष अरशद अली की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में राजद कार्यकर्ताओं ने कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा बोकारो की शिक्षा व्यवस्था के सुधार लिए बीएसएल विद्यालयो को डीएवी ग्रुप को देकर शिक्षा के लिए एक सराहनीय कदम उठाया गया है। प्रदेश महासचिव बहादुर सिंह यादव ने कहा कि प्रबंधन की इस पहल से बोकारो नगर में रह रहे गरीब गुरबों के बच्चों को कम फीस में शिक्षा मिलेगी। समर बहादुर यादव ने भी बीएसएल प्रबंधन के निर्णय का स्वागत किया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष मो एकराम, रामलाल राम, हजारी प्रसाद यादव, श्यामबाबू यादव, सुरेन्द्र चौधरी हरिशंकर सिंह, रमाकांत सिंह, चतुर्गुण प्रसाद, वशीर अंसारी हरेराम, विजय सिंह, उमाशंकर राम आदि मौजूद रहे।

### वेतन भुगतान को लेकर गोमिया विधायक से मिले शिक्षक प्रतिनिधि



बेरमो/कथारा/जारंगडीह। वेतन भुगतान कराने को लेकर कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल 18 मार्च 2024,सोमवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो से उनके आवासीय कार्यालय में भेंट किया। उक्त संबंध में कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष प्यारेलाल यादव ने कहा कि उक्त मुलाकात करने मुख्य कारण यह है कि सीसीएल द्वारा अनुदानित विद्यालयों का वर्ष 2023–24 का अनुदानित राशि का भुगतान अभितक नही किया गया है। जिसके कारण शिक्षक के बीच आर्थिक संकट छाया हुआ है। मुलाकात के क्रम में विधायक माहतो ने सीसीएल के डायरेक्ट पर्सनल हर्षनाथ मिश्रा से दूरभाष पर वार्ता कर होली के पूर्व वर्ष 2023–24 का वेतन होली के पहले कर देने की बात कही। जिस पर डायरेक्टर पर्सनल ने यथाशीघ्र राशि का भुगतान कराने का आश्वासन दिया।

# 46 लाख टन कोयले का उत्पादन लक्ष्य हर हाल में पूरा करना है : जीएम

## चालू वित्तीय वर्ष मे कोयले का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने को सीसीएल ढ़ोरी प्रबंधन रेस

जीएम अग्रवाल ने बताया कि अधिकारी और कर्मचारी के लिए अलग-अलग भी-पोआइनट बनाया गया है

**16 मार्च तक 41 लाख 26 हजार टन कोयला उत्पादन हुआ है**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** कोयले का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने को सीसीएल ढोरी एरिया प्रबंधन रेस हो गया। ढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने अधिकारियो को साथ लेकर जी तोड मेहनत करते नजर आये। जीएम अग्रवाल ने पूछने पर बताया कि अधिकारी और कर्मचारी के लिए अलग-अलग भी-पोआइनट बनाया गया है। कहा कि ढोरी क्षेत्र मे चालू वित्तीय वर्ष मे 46 लाख टन कोयले का उत्पादन लक्ष्य हर हाल में पूरा करना है।

उन्होने कहा कि 16 मार्च तक 41 लाख 26 हजार टन कोयला उत्पादन हुआ है। कहा कि राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए सभी विस्थापित कोयला निकासी कराने में सहयोग करे। मशीनों की हालत भी अच्छी है। खदानों में सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बताया कि एडीओसीएम परियोजना को 26 लाख 60.हजार टन उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करना है। कहा कि सीसीएल की पहली हाईवॉल माइनिंग अमलो में करने की दिशा में तेज गति से काम चल रहा है। अप्रैल माह से हाईवॉल माइनिंग से कोयला उत्पादन शुरू होने की संभावना है। 3 साल में 13 लाख टन कोयला का उत्पादन होगा। कहा कि सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व मे कंपनी 2023-24 का 84 मिलियन टन के लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर है। मौके पर पीओ के आर सत्यार्थी, एसओईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एरिया सेल ऑफिसर बैजनाथ नायक, एरिया सिक्योरिटी आफिसर सीताराम उडके, अमलो सेल ऑफिसर विवेक कुमार सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### यूएमएफ ने छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया इफ्तार किट



**बेरमो।** सोमवार को चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत एम.ए.क्यू. पब्लिक स्कूल रटारी में यूनाइटेड मिल्ली फोरम के द्वारा स्कूल के अत्यंत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच इफ्तार किट का वितरण किया गया जिसमें आटा,चावल, दाल, चना, बेसन, चीनी, चाय पत्ती, सरसो का तेल, नमक, खजूर इत्यादि शामिल थे। किट का वितरण विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद असलम, गणित के शिक्षक मो फिरोज अंसारी व उर्दू के शिक्षक कारी मोहम्मद शमीम साहब ने किया। मौके पर यूनाइटेड मिल्ली फोरम के जेनरल सेक्रेटरी अफजल अनीस ने कहा कि अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने रमजान के महीने को शहरुल मुआसात कहा है।

# बोकारो : अंतरराज्यीय चेक पोस्ट का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा छोटे बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी आदि ने विधि व्यवस्था समेत निर्वाचन को देखते हुए पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती मिर्धा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिनियुक्त एसएसटी के वाहन जांच पंजी की जांच की और उन्हें चुनाव आयोग के दिशा निर्देश से अवगत कराया। कहा कि छोटे बड़े किसी वाहन में यदि कोई आपत्तिजनक सामग्री व राशि पाई जाती है तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। इसके अलावा विधि व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को भी जरूरी दिशा निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी स्थापित एसएसटी द्वारा चेक पोस्ट पर विभिन्न छोटे बड़े वाहनों की जांच की जा रही है।

# गोड्डा : चुनाव और होली को लेकर अवैध शराब विक्रेताओं, उपभोक्ताओं पर पुलिस की पैनी नजर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पुलिस को मिली गुप्त सूचना और पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के उत्पादकों, विक्रेताओं और उपभोक्ताओं पर जिला पुलिस कप्तान की कड़ी नजर है। इस संदर्भ में सभी पुलिस अधिकारियों को और थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए है।

सूचना तंत्र के आधार पर त्वरित कारवाई कर इस पर प्रतिबंध लगाए और कानून को तोड़ने वालों को कानून की धाराओं के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजें। इसी संदर्भ में सोमवार को गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी को मिली जानकारी के आधार पर उनके नेतृत्व में एक छापेमारी की गई।

मोतिया ओपी के अंदर फासिया डांगाल के मिथुन मंडल पिता जयकांत मंडल के घर पर हुई। जिसमे करीब 82 बोतल अंग्रेजी शराब की लेबल लगी थी। उसे जब्त कर लिया गया पर आरोपी फरार होने में सफल रहा।इस संबंध में मोतिया ओपी में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दूसरी घटना पथरगामा थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर एक कार से विदेशी शराब की बोतलें जब्त की गई है ये सारी रॉयल स्टेज और ब्लू इंपीरियल की लेबल लगी हुई थी जिसे बिहार ले जाना था उरकुसिया बॉर्डर के द्वारा। दोनो घटनाओं की प्राथमिकी संबंधित थाने में दर्ज कर ली गई है।

# 24वें प्रहरी मेला के समापन पर उमड़ा जनसैलाब





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में आयोजित 7 दिवसीय 24वां प्रहरी मेला के समापन समारोह पर बांकुड़ा की गायिका बुल्टी कुमारी एवं नागपुरी के चर्चित गायक राजेश राज ने अपने सहयोगी कलाकारों के साथ गीत संगीत और नृत्य से रात भर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अंकिता कुमारी एवं सदानंद मुखर्जी ने एंकरिंग की। मौके पर कसमार के अमित एफएफ टीम ने भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। टीम के अमित प्रजापति व कौसर अंसारी के नेतृत्व में कलाकारों ने हास्य व्यंग्य प्रस्तुत किया। मेला के अंतिम दिन जनसैलाब उमड़ पड़ा। मौके पर झूला संचालन शंकर सिंह को सम्मानित किया। समापन समारोह का संचालन दीपक सवाल ने किया। मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज भस्की मुखिया मंटू मरांडी अराजू मुखिया आनंद बेसरा सिंहपुर पंसस विनोद महतो मेला कमेटी के व्यवस्थापक रामसेवक जायसवाल अध्यक्ष घनश्याम महतो सचिव रणदेव मुर्मू संयोजक पंकज कु जायसवाल अशोक कु सिंह सुनील कपरदार राजेश राय उमेश कु जायसवाल डॉ जीतलाल महतो किशोर कांत संजय सिंह रमेश चंचल हेमंत महतो अशोक महतो विमल राय संजय राय सौरभ राय विष्णु जायसवाल, संजय जयसवाल देवेंद्रनाथ महतो उमेश महतो, अरुण तुरी प्रमोद जायसवाल सुफल महतो सुंदरलाल घांसी जेपी महतो रोमेल अंसारी दिलीप शर्मा तुषार जयसवाल प्रेमजीत जायसवाल राहुल महतो लालू महतो अमित सिंह अमित संजय राय अभिनव राय प्रेम राय सोहन राय सनोज राय अभिषेक, दीपक, अंकुश जायसवाल अनुज राय संतोष राय विमल पाल, श्रीकेश विवेक ठाकुर अमरेश ठाकुर टिंकु राय उत्तम ठाकुर आदि मौजूद थे।

# अवैध खनन मामले को लेकर सीबीआइ टीम ने किया नींबू पहाड़ का दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** अवैध खनन मामले की जांच में रोक से हाईकोर्ट के इनकार के बाद एक बार फिर सीबीआई की टीम साहिबगंज आ धमकी है। 3 सदस्यीय टीम यहां रविवार को पहुंची। वहीं टीम ने सोमवार को डीएमओ कृष्ण कुमार किस्कू व मुफस्सिल थाना पुलिस के साथ मंडरो अंचल के सिमरिया मौजा स्थित नींबू पहाड़ का दौरा किया। इस दौरान सीबीआई ने कई जगह मापी करते हुए दस्तावेजों का मिलान किया। ज्ञात हो कि 18 अगस्त 2023 को हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई की टीम ने नींबू पहाड़ में अवैध खनन की जांच शुरू की थी। इस दौरान टीम ने कई बार साहिबगंज पहुंच मामले की जांच पड़ताल की। इसके बाद मामले में झारखंड सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर जांच पर रोक लगाने की मांग की थी। जिसपर हाईकोर्ट ने 20 जनवरी 2024 को जांच पर तत्काल रोक लगा दी थी।

इधर 24 फरवरी 2024 को हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए जांच पर रोक लगाने से झनकार करते हुए झरखंड सरकार की याचिका खारिज कर दी थी।

